भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 356

04 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

सीएसआर निधि

356. श्री हरीश चंद्र मीना:

श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) संबंधी कायिक निधि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विशेष रूप से राजस्थान में प्राप्त और व्यय की गई कुल राशि का राज्यवार, जिलावार, क्षेत्रवार और शीर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने सीएसआर निधि के तहत प्राप्त समस्त राशि का उपयोग किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) सरकार द्वारा महाराष्ट्र राज्य के लिए किए गए व्यय के मुकाबले उक्त राज्य से प्राप्त कुल प्राप्त राशि कितनी है ;

(ङ) क्या सरकार सीएसआर कार्यकलापों के माध्यम से स्थानीय संस्थानों, ग्रामीण स्कूलों और अस्पतालों के विकास पर भी बल दे रही है; और

(च) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान विकास कार्यों पर व्यय की गई राशि सहित संबंधित क्षेत्रों का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क): विगत पांच वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से संबंधित समग्र निधि (कॉर्पस फंड) का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	सीएसआर आवंटन (लाख रु. में)
2019-20	3300
2020-21	3944
2021-22	8047
2022-23	15795
2023-24	15875

जारी....

(ख) से (घ): सेल द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) व्यय का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(लाख रू.)

क्र.सं.	राज्य	19-20	20-21	21-22	22-23	23-24	24-25(एच1)
1	छत्तीसगढ़	538	557	1000	4339	5,179.0	869
2	ओडिशा	599	719	1678	3950	3,516.0	79
3	पश्चिम बंगाल	343	296	647	2179	2,703.0	159
4	झारखंड	588	515	778	3111	3,287.0	677
5	तमिलनाडु	57	89	195	529	214.0	40
6	राजस्थान	0	0	0	0	50	0
7	अन्य	631	2541.7	5126	2138	1244	13
	कुल	**2756**	**4718**	**9424**	**16246***	**16193***	**1837**

*(इसमें चल रही सीएसआर परियोजनाओं के संबंध में वित्त वर्ष 2022-23 में 51.73 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 में 78.26 करोड़ रुपये शामिल हैं।)

विगत 5 वर्षों में राजस्थान राज्य में सेल सीएसआर व्यय का जिला-वार, शीर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(लाख रू.)

राज्य: राजस्थान **जिला: जयपुर**	19-20	20-21	21-22	22-23	23-24	24-25 (एच1)
कौशल विकास	0	0	0	0	50	-

(ड.) और (च): विगत पांच वर्षों के दौरान सीएसआर के अंतर्गत स्थानीय संस्थानों, ग्रामीण विद्यालयों और अस्पतालों के विकास सहित डोमेन-वार व्यय की गई राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(लाख रू.)

क्र.सं.	सेल सीएसआर प्रमुख क्षेत्र-वार व्यय	19-20	20-21	21-22	22-23	23-24	24-25(एच1)
1	स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा (वरिष्ठ नागरिक और पीडब्ल्यूडी)	918	2997	6648	4676	3592	357
2	शिक्षा	883	830	850	3041	4398	1157
3	सामान्य आजीविका /कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण	184	271	333	1574	1739	92
4	खेल, कला और संस्कृति	476	237	213	2695	3288	124
5	ग्रामीण विकास और पर्यावरण निर्वाह	261	167	1211	3616	2885	98
6	प्रशासनिक ओवरहेड्स, आदि.	34	216	169	644	291	9
	कुल	2756	4718	9424	16246*	16193*	1837

*(इसमें चल रही सीएसआर परियोजनाओं के संबंध में वित्त वर्ष 2022-23 में 51.73 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 में 78.26 करोड़ रुपये शामिल हैं।)

*****